वर्ष: 1 अंक 255 नागौर, 23 अगस्त, 2022 (मंगलवार) मूल्य 5 रुपया पृष्ठ 4 E-Edition

www.nagaurdaily.com
RNI Title-Code :- RAJBIL27027
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर-डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...



# देश-प्रदेश में भारी बारिश

## नाले में बहे पति-पत्नी

## उदयपुर में बाइक सवार दो युवक लापता

## टोंक, बूंदी, कोटा में सड़कें बनीं नदियां

**जयपुर.**

बंगाल की खाड़ी से आए डीप डिप्रेशन सिस्टम की राजस्थान के पूर्वी हिस्से में एंट्री हो गई। इसके कारण जयपुर, झालावाड़, कोटा, बूंदी, बारां, टोंक, दौसा, करौली, उदयपुर जिलों में तेज बारिश हुई। बारिश से सड़कें दरिया बन गई, कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। जगह-जगह पानी भरने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ।

टोंक में बरसाती नाले में बहने से पति-पत्नी की मौत हो गई। खेत पर जाने के लिए दोनों नाला पार कर रहे थे। वहीं उदयपुर में बाइक से पुलिया पार कर रहे दो युवक बह गए। दोनों की तलाश की जा रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश कोटा शहर में हुई। यहां 9 इंच तक पानी बरसा, जिससे बाढ़ के हालात पैदा हो गए। प्रशासन ने स्कूल-कॉलेजों में छुट्टियां घोषित कर दी। जयपुर में भी रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक बरसात हुई।

### टोंक में 12 घंटे में रिकॉर्ड 7 इंच बारिश

टोंक शहर में 9 साल बाद 7 इंच से अधिक (180एमएम) बारिश हुई। इससे शहर की कुछ कॉलोनियों में पानी भर गया। सड़कें दरिया बन गईं। करीब आधा दर्जन कच्चे घर गिर गए हैं। हालांकि इससे कोई जनहानि नहीं हुई। रविवार रात से सुबह दस बजे तक हुई बारिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ। बीसलपुर में भी पानी की आवक रविवार के मुकाबले बढ़ गई है। आज बीसलपुर डैम का जलस्तर 12 घंटे में सात सेंटीमीटर बढ़ गया है। सुबह 8 बजे तक बांध का जलस्तर 13 .02 आरएल मीटर हो गया है। इधर, मध्य प्रदेश में हो रही भारी बरसात से कालीसिंध, चंबल, परवन नदियां का जलस्तर बढ़ने से राजस्थान की टेंशन बढ़ गई। इन नदियों पर बने सभी बांधों के गेट खोल दिए हैं। जल संसाधन विभाग के मुताबिक आज गांधी सागर के 8 गेट खोलकर चंबल में पानी छोड़ा गया, इस कारण राणा प्रताप सागर बांध के 6, जवाहर सागर के 7 और कोटा बैराज के 16 गेट खोले गए हैं। कोटा बैराज से 3 लाख 80 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे चंबल नदी से लगते गांवों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। कालीसिंध बांध के 10 गेट खोले गए, जिससे 1 लाख 46,843 क्यूसेक पानी, जबकि भीम सागर के 4 गेट खोलकर 14 हजार 400 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

### कोटा का एमपी से संपर्क कटा

कोटा शहर में पिछले 24 घंटे के दौरान 224एमएम (9 इंच) बरसात हुई, जो पिछले 6 साल में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड है। इससे पहले 7 अगस्त 2016 को कोटा में सर्वाधिक 193एमएम बारिश दर्ज हुई थी। तेज बारिश के कारण कोटा शहर की कई बस्तियां जलमग्न हो गई। पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद कोटा के इटवा स्थित खातोली की पुलिया पर पानी आने के कारण कोटा-श्योपुर राजमार्ग बंद हो गया।

### खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी परवन

झालावाड़ प्रशासन ने कोटा, बूंदी, बारां जिलों को अलर्ट भेजा है। एसडीआरएफ और प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं, कालीसिंध और परवन नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बारां के बड़ौद में कालीसिंध नदी का जलस्तर 210 .25 मीटर तक चला गया है, जबकि इस नदी का उच्चतम लेवल 223 .80 मीटर है। परवन नदी भी खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर बह रही है, नदी का जलस्तर 310 .35 मीटर है। कोटा में चंद्रलोई नदी का जलस्तर भी 244 .04 मीटर तक पहुंच गया है, जो खतरे के निशान से 1 .96 मीटर कम है।

### उदयपुर में बाइक समेत नदी में बहे 2 युवक

उदयपुर में बाइक सवार दो युवक पानी में बह गए। डबोक इलाके में पुलिया पार करते वक्त रविवार देर रात हादसा हुआ। लोगों की सूचना पर नागरिक सुरक्षा विभाग और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची। सोमवार सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। हादसा ओरडी-नांदवेल मार्ग पर बनी पुलिया पर हुआ। दोपहर 12 बजे तक रेस्क्यू टीम ने बाइक को नदी से बाहर निकाला।

### इन जिलों में हुई भारी बारिश

मौसम केन्द्र जयपुर और जल संसाधन विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर, झालावाड़, कोटा, बूंदी, बारां, टोंक, दौसा, करौली, उदयपुर जिलों के कई इलाकों में 2 से लेकर 9 इंच तक बरसात हुई। झालावाड़, कोटा में तो बाढ़ जैसे हालात हो गए। मौसम केंद्र जयपुर की मानें तो ये सिस्टम (डीप डिप्रेशन) धीरे-धीरे पश्चिम दिशा की ओर से बढ़ रहा है। संभावना है कि आज देर रात से या कल से जोधपुर, अजमेर संभाग के जिलों में भारी बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

## मध्य प्रदेश में भारी बारिश से आफत

### कई जिलों में रेड अलर्ट जारी, बाढ़ के हालात

मध्य प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. कई जिलों में मूसलाधार बारिश हो रही है. राज्य में एक बार फिर से अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है. उज्जैन और राजगढ़ में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है. इसके अलावा, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, भोपाल, रायसेन, सीहोर और विदिशा में बारिश का अलर्ट है. वहीं, चंबल, जबलपुर और सागर में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है. एमपी में बीते 24 घंटे में हुई बरसात की बात करें तो भोपाल में 190 .5 एमएम, गुना में 174 .9 एमएम, सागर में 173 .8 एमएम, रायसेन में 162 .0 एमएम, जबलपुर में 160 .0 एमएम, पंचमढ़ी में 148 .0 एमएम बारिश हुई. इसके अलावा, भोपाल में 140 .2 एमएम बरसात हुई है.

## राजस्थान इंटेलिजेंस ने दिल्ली में पकड़ा पाकिस्तानी जासूस

**जयपुर.**



राजस्थान इंटेलिजेंस ने जासूसी के आरोप में दिल्ली से एक जासूस को गिरफ्तार किया। पाक खुफिया एजेंसी ने आरोपी के पास मोबाइल और सिम कार्ड भिजवाए थे, जिसके जरिए जानकारी भेज सके। इनका नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है। 14 अगस्त को इसे पकड़ा गया था, जिसकी गिरफ्तारी रविवार को दिखाई गई है।

फिलहाल वह जेल में है। डीजी इंटेलिजेंस उमेश मिश्रा ने बताया- सूचना मिली थी कि भीलवाड़ा में बेमाली निवासी नारायण लाल गाडरी (27 वर्ष) सोशल मीडिया के जरिए पाक खुफिया एजेंसी से लगातार सम्पर्क में है। नारायण ने पूछताछ में बताया था कि दिल्ली में संजय कॉलोनी, भाटी माइंस निवासी भागचंद पुत्र बल्लू राम (46) उसकी सहायता कर रहा था। उसे रविवार को इंटेलिजेंस विंग ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। भागचंद मोबाइल सिम पाक से मंगवाता। उन्हें अपने नेटवर्क में भेज दिया करता था। ये लोग सस्ते मोबाइल में सिम डालकर इसका यूज किया करते थे। वॉइस या चैट के जरिए जानकारी पाक खुफिया एजेंसी को दिया करते थे। इसके लिए इन बदमाशों को पाक से पैसा भी मिलता था। जांच में सामने आया कि भागचंद पाक अफसर के सम्पर्क में रहते हुए जासूसी कर रहा था। भागचंद का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। वह 22 वर्ष की उम्र में परिवार सहित वीजा लेकर 1998 में दिल्ली में आकर रहने लगा। 2016 में भारत की नागरिकता प्राप्त कर ली। दिल्ली में ही टैक्सी चलाने व मजदूरी करने लगे।

## राहुल का अध्यक्ष पद से इनकार

### भारत जोड़ने में जुटे राहुल: 7 सितंबर से यात्रा

**राहुल गांधी अगुआई करेंगे; कॉस्टिट्यूशन क्लब में मीटिंग खत्म**

**नई दिल्ली.**



कांग्रेस में अध्यक्ष बनने से इनकार करने के बाद अब राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर फोकस कर रहे हैं। सोमवार को इसकी तैयारी को लेकर वे दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में सिविल सोसाइटी के लोगों और प्रमुख हस्तियों से बात की। कांग्रेस पार्टी 7 सितंबर से पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने जा रही है।

**150 दिन में 3,500 किलोमीटर का सफर, 12 राज्य कवर होंगे**-कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक चलने वाली यह यात्रा 150 दिनों तक चलेगी। इस दौरान 3,500 किलोमीटर का सफर तय किया जाएगा। यात्रा में राहुल गांधी के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता और अलग-अलग हिस्सों से नेता जुड़ेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश मुताबिक यात्रा के जरिए कांग्रेस पार्टी देश के 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करेगा।

**चिंतन शिविर में राहुल ने की थी यात्रा निकालने की घोषणा**-उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकालने की घोषणा की थी। शिविर के अंतिम दिन अपने भाषण में राहुल ने कहा था- हम फिर जनता के बीच जाएंगे, उससे अपने रिश्ते मजबूत करेंगे और ये काम शॉर्टकट से नहीं होगा।

**पीके ने दिया था सुझाव- सिविल सोसाइटी के लोगों से बात करें**-अप्रैल में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर एक प्रजेंटेशन के दौरान प्रशांत किशोर ने कांग्रेस हाईकमान को कई सुझाव दिए थे। इनमें एक सुझाव देश के अलग अलग हिस्सों में करीब 200 प्रभावी लोगों, एक्टिविस्ट्स और सिविल सोसायटी के लोगों से संपर्क स्थापित करना था।

## रूस में आईएस का आतंकी गिरफ्तार: भारत में फिदायीन हमले की साजिश रच रहा था

**रूस.** रूस में सोमवार को इस्लामिक स्टेट के फिदायीन को गिरफ्तार किया है। रूसी सुरक्षा एजेंसियों ने ये गिरफ्तारी की है। एजेंसियों ने दावा किया है कि सुसाइड बॉम्बर भारत में धमाके की साजिश रच रहा था। उसके निशाने पर सत्ताधारी दल के नेता थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस ने प्रतिबंधित आईएस के एक सदस्य की को गिरफ्तार किया है। वह सेंट्रल एशियाई देश का मूल निवासी है। पकड़े गए आईएसआईएस आतंकी को तुर्की में आत्मघाती हमलावर के रूप में भर्ती किया था। उसे भारत में आतंकी हमला करने के लिए रूस छोड़कर जाने के आदेश दिए गए थे।

## कार-ट्रक की टक्कर में पति-पत्नी, बेटी समेत 4 की मौत



**सीकर.**

नेशनल हाईवे संख्या-65 पर कार-ट्रक की टक्कर में पति-पत्नी और बेटी समेत चार की मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। हादसा सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना इलाके में आज सुबह 9 बजे के करीब हुआ। एएसआई बाबू खान ने बताया कि कार हिसार से सालासर की तरफ आ रही थी। कार में कर्मवीर (35) पुत्र रणवीर, उनकी पत्नी रेणु (32), बेटी प्राची (2) और 5 साल का भतीजा कार्तिक सवार थे। नेशनल हाईवे संख्या 65 पर पेट्रोल पंप के पास कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर जबर्दस्त थी कि कार दो हिस्सों में बंट गई। हादसे में कार सवार चारों की मौत हो गई।

### हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर फरार

*घटना के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। वहीं हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को हटवाकर रास्ता खुलवाया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी है।*

# जयपुर, बाड़मेर में स्टूडेंट्स पर लाठीचार्ज

## चुनाव के नामांकन भरने आए आरयू के एबीवीपी और निर्दलीय उम्मीदवार घायल

## 2 पुलिस अफसरों के सिर फूटे

**जयपुर.**

राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव के नामांकन के दौरान सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। जयपुर, बाड़मेर और अजमेर समेत कई जिलों में पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। इस दौरान जयपुर में एक घंटे के अंदर यूनिवर्सिटी गेट पर 3 बार लाठीचार्ज हुआ।

इस लाठीचार्ज में निर्दलीय उम्मीदवार निर्मल चौधरी, उनकी बहन और एबीवीपी प्रत्याशी नरेन्द्र बेहोश हो गए। वहीं बाड़मेर में एनएसयूआई और एबीवीपी के बागी उम्मीदवार के कार्यकर्ताओं में खींचतान होता देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

### जयपुर में एबीवीपी और निर्दलीय दोनों पर चले डंडे

दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी में दोपहर ढाई बजे निर्दलीय प्रत्याशी निर्मल अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। निर्दलीय उम्मीदवार निर्मल चौधरी के समर्थक जेएलएन मार्ग पर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान जाम लग गया। पुलिस ने उनके समर्थकों को यूनिवर्सिटी में घुसने से रोक दिया।

निर्मल नाराज समर्थकों को लेने फिर से जेएलएन मार्ग पहुंचे। इस दौरान पुलिस और निर्मल में बहस हो गई। जो झड़प में बदल गई। पुलिस ने लाठीचार्ज कर निर्मल और उनके समर्थकों को खदेड़ दिया। निर्मल अपने समर्थकों के साथ यूनिवर्सिटी के मेन गेट पर धरने पर बैठ गए। वहां एक बार फिर झड़प हो गई। पुलिस ने निर्मल को यूनिवर्सिटी से खदेड़ दिया। पूरे लाठीचार्ज में 2 दर्जन से ज्यादा छात्रों को चोट आई है। लाठीचार्ज के दौरान हुई भगदड़ में पुलिस ने निर्मल की गाड़ी के कांच तोड़ दिए। इस दौरान एक समर्थक के सीने में कांच घुस गया। निर्मल और उनकी बहन के साथ भी मारपीट की।

इसके बाद लगभग 3:30 बजे एबीवीपी के प्रत्याशी नरेंद्र अपने समर्थकों के साथ राजस्थान यूनिवर्सिटी पहुंचे। कुछ ही देर में पुलिस और एबीवीपी के कार्यकर्ता भी आमने-सामने हो गए। पुलिस ने इस बार एबीवीपी पर लाठीचार्ज किया। इसमें एबीवीपी के प्रत्याशी नरेंद्र और उनके समर्थकों को गंभीर चोट आई। वहीं, दो पुलिस अफसर का सिर फूटने की खबर है।



जयपुर में लाठीचार्ज के दौरान का वीडियो सामने आया है, जिसमें छात्रा पुलिसवाले से झड़प करने लगी। वहीं पुलिस ने निर्दलीय उम्मीदवार निर्मल चौधरी के समर्थकों की गाड़ियों पर भी जमकर लाठी बरसाई और एसयूवी के कांच तोड़ दिए। लाठीचार्ज के बाद निर्मल के समर्थक गांधी नगर थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने निर्मल के समर्थकों को गांधी नगर से भी खदेड़ दिया। वहीं, निर्मल को अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है।



## सम्पादकीय

# ऊर्जा का संकट

हाल में एक अध्ययन में यह सामने आया है कि ऊर्जा संबंधी मोर्चे पर भारत को नए संकट से दो चार होना पड़ सकता है। यह संकट सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा की घटती क्षमता को लेकर है। अध्ययन पुणे स्थित भारत उष्णदेशीय मौसम संस्थान के वैज्ञानिकों ने किया है। चिंता की बात ज्यादा इसलिए है कि भारत ऊर्जा संकट की मार पहले ही से झेल रहा है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए अक्षय ऊर्जा को प्राथमिकता दी जा रही है।

ऐसे में अगर सौर और पवन ऊर्जा की क्षमता में कमी आती है तो गैर परंपरागत ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में जो प्रयास चल रहे हैं, उन्हें धक्का लग सकता है। अध्ययन बताता है कि देश की सौर और पवन ऊर्जा क्षमता में कमी आने की मूल वजह जलवायु परिवर्तन में छिपी है। यानी हमें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से भी तेजी से निपटना है। हालांकि जलवायु संकट से सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया बेहाल है और इसके खतरों को समझ भी रही है। लेकिन भारत के लिए जलवायु संकट भी इसलिए बड़ा मसला है कि हमारी एक नहीं बल्कि कई समस्याओं की जड़ें भी इसी में हैं।

अध्ययन बताता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा की क्षमता में यह कमी देश के उत्तरी हिस्से में ज्यादा आ सकती है। इसका कारण उत्तर भारत में मौसमी बदलाव और हवा की गति कम रहना होगा। इससे सौर और पवन ऊर्जा की क्षमता प्रभावित होगी। जबकि ओड़ीशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे तटीय राज्यों में यह संकट नहीं होगा। इन राज्यों में मौसमी हवाओं का प्रवाह अच्छा रहने की संभावना से पवन ऊर्जा की क्षमता बढ़ भी सकती है। लेकिन सौर ऊर्जा के मामले में ऐसा नहीं लगता।

वैज्ञानिकों का अनुमान है कि भारत के ज्यादातर भूभाग पर सौर विकिरण की मात्रा में कमी आएगी। जाहिर है, ऐसे में सौर ऊर्जा संयंत्रों के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। गौरतलब है कि उत्तर भारत का बड़ा इलाका गंगा का मैदानी क्षेत्र है। इसके अलावा हिमालयी क्षेत्र भी यहां के बड़े हिस्से को छूता है। जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले कुछ सालों में हिमालयी क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। ऋतु चक्र भी गड़बड़ा गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और बाढ़ की तीव्रता बढ़ी है। और इन सबका असर मैदानी क्षेत्र की जलवायु में बदलाव के रूप में देखने को मिल रहा है। ऐसे अध्ययन हमें सचेत करते हैं। अगर जलवायु संकट हमारे लिए नई-नई समस्याएं खड़ी कर रहा है तो हमें एक नहीं, बल्कि दो-दो मोर्चों पर काम करना पड़ेगा। गैर परंपरागत ऊर्जा परियोजनाओं की समीक्षा तो करनी ही होगी, साथ ही जलवायु संकट से निपटने के लिए भी प्रयासों में तेजी लानी होगी। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि हर जगह सौर ऊर्जा या पवन ऊर्जा परियोजनाएं शत-प्रतिशत कामयाब शायद न हों। इसके अलावा हमें हर क्षेत्र में ऐसी प्रोद्योगिकी अपनानी होगी जो जलवायु परिवर्तन से पैदा होने वाले हालात से तालमेल बैठा सके। भारत के सामने अभी सबसे बड़ी चुनौती जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को तेजी से घटाने की है। इसके साथ ही सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। हालांकि ऐसा कहना भी सही नहीं होगा कि गैर परंपरागत ऊर्जा के क्षेत्र में कुछ भी काम नहीं हुआ, लेकिन हकीकत यह है कि हमें जितनी तेजी से इस दिशा में बढ़ना चाहिए, उसमें हम अभी बहुत पीछे हैं।

# कमजोर रुपए से बढ़ती मुश्किलें

**डॉलर की तुलना में रुपया ऐतिहासिक रूप से कमजोर है। 17 अगस्त को एक डॉलर की कीमत 79.50 के स्तर पर पहुंच गई थी। चिंताजनक तो यह कि रुपए में अभी और गिरावट की आशंका है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब चीन-ताइवान तनाव और वैश्विक आर्थिक मंदी के खतरे के बीच रुपए की कीमत में बड़ी गिरावट के कारण जहां भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं आर्थिक विकास की योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। इतना ही नहीं, असहनीय महंगाई से जूझ रहे आम आदमी की चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने का प्रमुख कारण बाजार में डॉलर की मांग बहुत ज्यादा हो जाना है। वर्ष 2022 की शुरुआत से ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआइआइ) भारतीय बाजारों से पैसा निकालने में लगे हैं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में खासा इजाफा कर दिया है। दुनिया के कई विकसित देशों के केंद्रीय बैंक भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं। बैंक आफ इंग्लैंड ने भी सत्ताईस साल बाद चार अगस्त को सबसे अधिक ब्याज दर बढ़ाई है।**

**देश** में खुदरा महंगाई दर को सात फीसद से घटा कर छह फीसद पर लाने के लिए कई और कारगर प्रयासों की जरूरत है। अभी रेपो दर में कुछ और वृद्धि करके अर्थव्यवस्था में नगदी प्रवाह को कम किया जाना उपयुक्त होगा। लेकिन केवल ब्याज दर पर ही अधिक निर्भरता नुकसानदायक हो सकती है। गौरतलब है कि अभी भी दुनिया में डॉलर सबसे मजबूत मुद्रा है। दुनिया का करीब पिच्यासी फीसद कारोबार डॉलर में होता है। दुनिया के उनतालीस फीसद कर्ज डॉलर में दिए जाते हैं। इसके अलावा कुल डॉलर का करीब पैंसठ फीसद उपयोग अमेरिका के बाहर होता है। चूंकि भारत अपनी कच्चे तेल की करीब पचासी फीसद जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, इसलिए डॉलर की अहमियत भारत के लिए भी काफी ज्यादा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर कच्चे तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से भारत को डॉलर ज्यादा खर्च करने पड़ रहे हैं।

साथ ही देश में कोयला, उवर्रक, वनस्पति तेल, दवा निर्माण के कच्चे माल, रसायन आदि का आयात लगातार बढता जा रहा है, ऐसे में डॉलर की जरूरत भी बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि भारत जितना निर्यात करता है, उससे अधिक वस्तुओं और सेवाओं का आयात करता है। इससे देश का व्यापार संतुलन लगातार प्रभावित हो रहा है। एसबीआइ की इको रैप रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 के अप्रैल से जुलाई के चार महीनों में भारत का व्यापार घाटा सौ अरब डॉलर के रेकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने खुद यह स्वीकार किया है कि दिसंबर 2014 से अब तक देश की मुद्रा में पच्चीस फीसद तक गिरावट आ चुकी है। इस वर्ष पिछले सात महीनों में ही रुपया करीब सात फीसद तक लुढ़क चुका है। फिर भी अन्य कई विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए बेहतर स्थिति में है। ब्रिटिश पाउंड, जापानी येन और यूरो जैसी विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए की स्थिति मजबूत है। इसका कारण भारत में राजनीतिक स्थिरता, भारत से बढ़ते निर्यात, विकास दर वृद्धि की संभावनाएं, पर्याप्त खाद्यान्न भंडार जैसे कारण भी रहे हैं।

रुपया कमजोर होने का एक असर देश में बढ़ती महंगाई के रूप में सामने आया है। हाल में प्रकाशित महंगाई के आंकड़ों के मुताबिक जून 2022 में थोक महंगाई दर 15.18 फीसद और खुदरा महंगाई दर 7.01 फीसद के चिंताजनक स्तर पर पाई गई। पांच अगस्त को ब्याज दरें और बढ़ाने के मौद्रिक नीति समिति के फैसले का एलान करते हुए आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा भी था कि देश में अभी भी महंगाई की दर ऊंची बनी हुई है। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए ही एक बार फिर से रेपो रेट में पचास आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई है। महंगाई को अभी और नियंत्रित करने के मद्देनजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की सितंबर में होने वाली बैठक में रेपो दर में 35-40 आधार अंकों की और बढ़ोतरी की जा सकती है। इस समय देश में खुदरा महंगाई दर को सात फीसद से घटा कर छह फीसद पर लाने के लिए कई और कारगर प्रयासों की जरूरत है। अभी रेपो रेट में कुछ और वृद्धि करके अर्थव्यवस्था में नगदी प्रवाह को कम किया जाना उपयुक्त होगा। लेकिन केवल ब्याज दर पर अधिक निर्भरता हानिप्रद हो सकती है। अधिक रेपो रेट बढ़ाने में उपभोक्ता और कारपोरेट दोनों प्रभावित होंगे, मांग घटेगी और इसका अर्थव्यवस्था भी प्रतिकूल असर करेगा। ऐसे में सबसे जरूरी यह है कि देश से निर्यात बढ़ाए जाए और आयात नियंत्रित किए जाएं। निसंदेह कमजोर होते रुपए की स्थिति से सरकार और रिजर्व बैंक दोनों चिंतित हैं और इस चिंता को दूर करने के लिए यथोचित कदम भी उठा रहे हैं। आरबीआई ने कहा है कि अब वह रुपए की विनिमय दर में तेज उतार-चढ़ाव की अनुमति नहीं देगा। उसका कहना है कि विदेशी मुद्रा भंडार का उपयुक्त उपयोग रुपए की गिरावट को थामने में किया जाएगा। 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार करीब पांच सौ तिहत्तर अरब डॉलर रह गया है। अब आरबीआई ने विदेशों से विदेशी मुद्रा का प्रवाह देश की ओर बढ़ाने और रुपए में गिरावट को थामने, सरकारी बांड में विदेशी निवेश के मानदंड को उदार बनाने और कंपनियों के लिए विदेशी उधार सीमा में वृद्धि सहित कई उपायों की घोषणा की है। ऐसे उपायों से एफआइआइ पर अनुकूल असर पड़ा है और उनकी कुछ-कुछ वापसी भी देखी जा रही है। यकीनन इस समय रुपए की कीमत में गिरावट को रोकने के लिए और अधिक उपायों की जरूरत है। इस समय डॉलर के खर्च में कमी और डॉलर की आवक बढ़ाने के रणनीतिक उपाय जरूरी हैं। अब रुपए में वैश्विक कारोबार बढ़ाने अवसर तलाशने होंगे। पिछले महीने रिजर्व बैंक ने भारत और अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपए में किए जाने संबंधी महत्त्वपूर्ण कदम भी उठाया है। इससे भारतीय निर्यातकों और आयातकों को अब व्यापार के लिए डॉलर की अनिवार्यता नहीं रहेगी। साथ ही अब दुनिया का कोई भी देश भारत से सीधे बिना अमेरिकी डॉलर के व्यापार कर सकता है। इसका एक फायदा यह भी होगा कि डॉलर संकट का सामना कर रहे रूस, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, श्रीलंका, ईरान, एशिया और अफ्रीका सहित कई छोटे-छोटे देशों के साथ भारत का विदेश व्यापार तेजी से बढ़ेगा, भारतीय रुपया भी मजबूत होगा, भारत का व्यापार घाटा कम होगा और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा। जिस तरह चीन और रूस जैसे देशों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को तोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, उसी तरह अब आरबीआई के निर्णय से भारत की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता के कारण रुपए को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने में भी मदद मिल सकती है।



## व्यापार समाचार

# झुनझुनवाला एस्टेट के ट्रस्टी बने दमानी

### राधाकिशन को अपना गुरु मानते थे बिग बुल, ट्रस्टियों में कल्पराज और अमल भी शामिल

नई दिल्ली।

डी-मार्ट के फाउंडर राधाकिशन दमानी को राकेश झुनझुनवाला की एस्टेट का मेन ट्रस्टी बना दिया गया है। दमानी को झुनझुनवाला अपना सबसे भरोसेमंद दोस्त और गुरु मानते थे। दमानी के अलावा झुनझुनवाला की ट्रस्ट के ट्रस्टियों में उनके दो सबसे भरोसेमंद साथी कल्पराज धर्मशी और अमल पारिख भी शामिल हैं। झुनझुनवाला की फर्म रेयर एंटरप्राइजेज का मैनेजमेंट उनके दो सबसे भरोसेमंद पार्टनर्स उत्पल सेठ और अमित गोयल ही करते रहेंगे। उत्पल इन्वेस्टमेंट्स में झुनझुनवाला की मदद कर रहे थे। पिछले कुछ सालों से उनका फोकस प्राइवेट इक्विटी इन्वेस्टमेंट्स पर रहा है। वहीं अमित ट्रेडिंग में झुनझुनवाला के राइट हैंड थे। अमित उनकी फर्म की ट्रेडिंग बुक का मैनेजमेंट करते हैं।



**झुनझुनवाला का 14 अगस्त को हुआ था निधन :** इंडिया के वॉरेन बफे के नाम से मशहूर राकेश झुनझुनवाला का रविवार (14 अगस्त) को हार्ट अटैक से 62 साल की उम्र में निधन हो गया था। सेल्फ मेड ट्रेडर राकेश ने कई स्थापित व्यवसायों और स्टार्टअप्स में इंवेस्ट किया और कई इंडियन फर्मों के बोर्ड में रहे थे। शेयर मार्केट के बिग बुल कहे जाने वाले राकेश झुनझुनवाला एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में सबसे इन्फ्लुएन्शियल मार्केट वॉइसेस में से एक थे। देश में बड़ी संख्या में रिटेल इन्वेस्टर्स झुनझुनवाला को फॉलो करते थे। झुनझुनवाला इंडिया की ग्रोथ स्टोरी के प्रबल सपोर्टर थे।

**पोर्टफोलियो में एक तिहाई से ज्यादा शेयर्स टाइटन के :** ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, ज्वैलरी रिटेलर टाइटन कंपनी राकेश और उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला के लिए सबसे बड़े और सबसे लाभदायक निवेशों में से एक थी। राकेश के पोर्टफोलियो में एक तिहाई से ज्यादा शेयर्स टाइटन के हैं। मार्केट वैल्यू के आधार पर राकेश की टॉप होल्डिंग्स में स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी, फुटवियर मेकर मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड और ऑटोमेकर टाटा मोटर्स लिमिटेड शामिल हैं।

# सात प्रमुख शहरों में पहली छमाही में महंगे घरों की बिक्री बढ़कर 25,680 इकाई पर

नई दिल्ली।

देश के सात प्रमुख शहरों में पहली छमाही के दौरान डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की कीमत वाले घरों या फ्लैटों की बिक्री बढ़कर 25,680 इकाई पर पहुंच गई। संपत्ति सलाहकार एनारॉक के अनुसार, महंगे फ्लैटों की बिक्री का आंकड़ा पिछले तीन साल की सालाना बिक्री से अधिक है। इस साल की पहली छमाही में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) का महंगे फ्लैटों की कुल बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान रहा। एनारॉक ने कहा कि लक्जरी या महंगे आवास खंड ने इस साल अच्छा प्रदर्शन किया है और डेवलपर्स द्वारा दी गई छूट और प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की मांग से बिक्री बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा वर्ष की पहली छमाही में महंगे फ्लैटों की बिक्री 25,680 इकाई थी। यह संख्या पूरे 2021 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर), एमएमआर, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता जैसे सात प्रमुख शहरों में बेची गई 21,700 इकाइयों से अधिक है। वहीं, कोविड-19 महामारी से प्रभावित वर्ष 2020 में महंगे फ्लैटों की बिक्री घटकर 8,470 इकाई रह गई थी, जो वर्ष 2019 में 17,740 इकाई की थी। आंकड़ों से पता चलता है कि 2022 के पहले छह महीनों के दौरान सात शहरों में 1.84 लाख इकाइयों की कुल बिक्री में लक्जरी घरों की हिस्सेदारी बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई।







## आज का राशिफल

### मेष
आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आपको आज नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। कोई नया काम भी शुरू कर पाएंगे। आज आपके विचार जल्दी-जल्दी बदलेंगे। इससे किसी तरह का कन्फ्यूजन आपको हो सकता है।

### वृषभ
आज नौकरी एवं व्यवसाय में आपको प्रतियोगियों के कड़े व्यवहार का सामना करना पड़ेगा। किसी निश्चित काम के लिए आप आगे प्रयास करेंगे। यात्रा का योग है। महिलाओं को आज वाणी पर संयम रखने की सलाह दी जाती है।

### मिथुन
हाथ में आया हुआ अवसर कन्फ्यूजन के कारण आज आप गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। आज बहुत से विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में आपका काम बिगड़ सकता है।

### कर्क
आज के दिन की शुरुआत में मन प्रफुल्लित और चित्त स्वस्थ होगा। आज मित्र या परिवार के सदस्यों के साथ भोजन का आनंद उठा सकते हैं। सुंदर वस्त्र धारण करेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है।

### सिंह
आज आप मानसिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी एक निश्चय पर आप नहीं पहुंच पाएंगे। असमंजस के कारण मानसिक कष्ट होगा। संबंधियों के साथ अनबन हो सकती है। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च होगा।

### कन्या
झगड़े से आज दूर रहें। किसी से विवाद होने पर तत्काल उससे माफी मांगे, अन्यथा आगे आपको उससे दिक्कत हो सकती है। बिना सोचे काम करने का परिणाम नुकसान देगा। आरोग्य एवं धन की हानि हो सकती है।

### तुला
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। फिर भी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण सामने आया हुआ अवसर गंवा देंगे। नए काम की शुरुआत आज ना करें। दोपहर के बाद दोस्तों से मुलाकात सुखद रह सकती है।

### वृश्चिक
आज आप नए काम की योजनाओं को अमल में ला सकेंगे। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा। अधिकारी आप पर कृपादृष्टि रखेंगे। पिता की तरफ से कोई लाभ मिल सकता है।

### धनु
आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कामों में सक्रिय रहेंगे। नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। लंबे प्रवास या धार्मिक स्थल की मुलाकात करने का प्रसंग बनेगा। नौकरी में लाभ का अवसर मिलेगा।

### मकर
विदेश में रहते मित्र या स्नेहीजनों के समाचार मिलेंगे। व्यवसाय या नौकरी पर सहकर्मियों का साथ कम मिलेगा। विरोधियों के साथ किसी चर्चा में ना उतरें। आज आपका दिन सुखपूर्वक एवं आनंद से गुजरने वाला है।

### कुंभ
आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम का आरंभ न करें एवं क्रोध पर संयम रखें। किसी भी तरह के गलत काम से दूर ही रहें, अन्यथा आगे बड़ा नुकसान हो सकता है।

### मीन
सरकारी काम सोच-समझकर ही करें। नए सम्बंध स्थापित करने से पहले गंभीरता से विचार करें। अधिक खर्च होने से हाथ तंग रहेगा। आराधना तथा नाम-स्मरण से लाभ होगा। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर रहें।

# अद्भुत : 400 पदयात्रियों का जत्था कुचामन से रामदेवरा के लिए रवाना

## संघ में खाने-पीने, नहाने-धोने, टेन्ट, लाइट, हलवाई, भजन मण्डली की रहती है व्यवस्था

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** श्री बाबा रामदेव संघ कुचामनसिटी के तत्वावधान में कुचामनसिटी से रामदेवरा पैदल यात्रा का जत्था सोमवार को प्रात: सवा सात बजे से रवाना हुआ। बाबा रामदेव संघ के अध्यक्ष बलवीर सोकल ने बताया कि जत्थे में 400 पैदल यात्री शामिल हुए। पूर्व विधायक हरीश चंद्र कुमावत, पूर्व विधायक विजय सिंह चौधरी, जिला परिषद सदस्य व कुमावत विकास समिति के अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत पलाड़ा, कुमारन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार फौजी, खारिया सरपंच देवीलाल कुमावत, ज्ञानाराम रणवां आदि ने हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना किया।

**ये प्रबुद्धजन रहे मौजूद :** इस दौरान उपसभापति हेमराज चावला, दानाराम राठी, प्रभुराम पोषक, शिम्भू दयाल कुमावत, राजाराम प्रजापति, लालाराम नालोट, गणपत नगवाड़ा, रामचन्द्र दीपपुरा, लालाराम छापरवाल, राजूराम घोड़ला, पूर्व पार्षद डालूराम, महेश, रतनलाल, हंसराज, पूर्व चेयरमैन गौरूराम कुमावत, खेताराम नोखवाल, केसाराम रणवां, दुर्गेश मारोठिया, गोपीराम राठी, प्रभु पोषक, सत्यनारायण, बाबूलाल खारिया, भंवर पलाड़ा, प्रेमाराम उजीवाल, गोपाल नोखवाल, छोटूराम पलाड़ा, पार्षद बाबूलाल कुमावत, पार्षद छितरमल, पार्षद भागीरथराम, पार्षद नरसीलाल, गोपाल नोखवाल, जगदीश शिहोटा, दुलीचंद उजीवाल, गोविंद सिहोटा सहित बड़ी संख्या में कुमावत समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### 31 अगस्त को पहुंचेंगे रामदेवरा

ये जत्था 1 सितम्बर को प्रात: पांच बजे यह जत्था रामदेवरा पहुंचकर दर्शन करेगा। संघ में खाने-पीने, नहाने-धोने, टेन्ट, लाइट, हलवाई, भजन मण्डली की सम्पूर्ण व्यवस्था रहेगी। कुचामन से रवाना होकर यह जत्था बूडसू, छोटी खाटू, ऊचाईड़ा, तरनाऊ, नागौर, पांचूड़ी, फलौदी खारा होते हुए 31 अगस्त को रामदेवरा पहुंच जाएगा। संघ के अध्यक्ष बलवीर सोकल, उपाध्यक्ष भंवरलाल बालोदिया, सचिव केशाराम रणवां, कोषाध्यक्ष खेताराम नोखवाल, संचालक छोटूराम सोकल पलाड़ा, व्यवस्थापक प्रेमाराम उजीवाल, गोपाल नोखवाल, प्रचार मंत्री गोपाल सोकल व बाबूलाल राजोरिया पूरे रास्ते व्यवस्थाओं को अंजाम देंगे।

# पानी में तैरता मिला युवक का शव

## मृतक की नहीं हो पाई पहचान, जांच में जुटी पुलिस

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी के डांगावास सरहद स्थित एन एच 458 के पास सोमवार को सुबह लगभग 9:30 बजे खाई के पानी में एक युवक की लाश तैरती हुई मिली, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गायों को पानी पिलाने आए पशुपालकों ने पानी में शव तैरता देख पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मेड़तासिटी पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक चिकित्सालय मेड़तासिटी की मोर्चरी में रखवाया। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे की सूचना मिलने पर मेड़तासिटी पुलिस जाब्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के साथ डांगावास सरपंच हंसाराम कमेड़िया व नेमाराम कमेड़िया के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पानी में तैरते हुए शव को बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस ने शव को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में पहुंचाया।

### नहीं हुई शव की पहचान

पुलिस अधिकारी इंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है शिनाख्ती के प्रयास जारी है। युवक की उम्र लगभग 55 से 60 वर्ष है तथा मृतक ने चौकड़ी दार शर्ट व काली पेंट पहन रखी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जो व्यक्ति पानी में डूबा है उसे उन्होंने कल शाम को खाई के पास बैठे हुए व इधर-उधर घूमते हुए देखा है। जिससे माना जा रहा है कि युवक कल शाम को ही पानी में डूबा है जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

# डॉ. अनिल के. शर्मा सेवारत्न सम्मान से सम्मानित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने अनुकरणीय चिकित्सकीय सेवाओं के लिए डॉ. अनिल के. शर्मा को सेवारत्न सम्मान से सम्मानित किया। संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, संरक्षक लॉयन पवन जैन, उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल ने डॉ. अनिल के. शर्मा को दुपट्टा पहनाकर तथा सेवा रत्न सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बेगसर बालाजी मेडिकोज के विनोद गौड़ का भी दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। लॉयन राम काबरा ने बताया लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा पूर्व में प्रत्येक माह चौथे शनिवार को आयोजित नि:शुल्क पाइल्स जांच एवं परामर्श चिकित्सा शिविर में डॉ अनिल के. शर्मा ने सेवाएं प्रदान कर निश्चित रूप से पीड़ित मानव सेवार्थ अनुकरणीय कार्य किया है। इस हेतु एक सेवाभावी चिकित्सक को सेवारत्न से सम्मानित करते हुए क्लब गौरवान्वित है।

# लॉयन्स क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को वितरित की गणवेश



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** जिला कलेक्टर पियुष समारिया के निर्देशानुसार लॉयंस क्लब कुचामनसिटी द्वारा लॉयन श्याम सुंदर अशोक कुमार मंत्री के सौजन्य से राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं. 10 झालरा रोड़ कुचामनसिटी के बनबागरिया परिवार के बच्चों को शाला गणवेश वितरित की गई। गणवेश प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस सेवा कार्य के लिए राजकीय जवाहर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल प्राचार्या मँजू चौधरी ने लॉयंस क्लब व मंत्री परिवार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष लॉयन श्यामसुंदर सैनी, क्लब सचिव लॉयन मनोज अग्रवाल, प्रांतीय सभापति लायन मनोहर पारीक व विधालय नं. 10 की प्रधानाचार्या इन्दु कुमावत आदि उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में एबीवीपी व निर्दलीय में सीधी टक्कर

## ढोल-नगाड़ों के साथ प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** छात्रसंघ चुनाव की सरगर्मियां के बीच सोमवार को राजकीय महाविद्यालय में संगठनों द्वारा नामाकन दाखिल किये गये। एबीवीपी पैनल द्वारा अध्यक्ष पद के लिये सुरेन्द्र सोहु , उपाध्यक्ष पद के लिये संगीता मेघवाल, महासचिव पद पर राकेश मातवा, संयुक्त सचिव पद पर चेतन बासट ने नामांकन दाखिल किये। वहीं निर्दलीय पैनल द्वारा अध्यक्ष पद पर रामप्रसाद मेघवाल, उपाध्यक्ष पद के लिये खींवराज ईनाणीया, महासचिव पद पर सुनील प्रजापत, संयुक्त सचिव के लिये आसिफ खान ने महाविद्यालय में निर्वाचन अधिकारी विजय अरोड़ा के समक्ष नांमाकन दाखिल किये। इस दौरान महाविद्यालय के चुनाव समिति रमेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार सोनी, सुनीता प्रजापत, सुनील कुमार मीणा, रूपाराम, चौथाराम, बाबूलाल आदि स्टॉफ मौजूद रहा।

# ग्राम विकास अधिकारी संगठन परबतसर ने सौंपा ज्ञापन

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को ग्राम विकास अधिकारी संगठन परबतसर ने मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम विकास अधिकारी परबतसर को ज्ञापन सौंपकर लंपी स्किन डिजीज के कारण मृत पशुओं के शव निस्तारण में आ रही जटिलताओं के निराकरण की मांग की है।

राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ अपने मांग पत्र पर हुए लिखित समझौते लागू नहीं करने के कारण 30 जून, 2022 से लगातार संघर्षरत है तथा 04 अगस्त, 2022 से संगठन द्वारा कुछ योजनाओं को छोड़कर शेष योजनाओं में कलम बंद असहयोग आंदोलन किया जा रहा है। संगठन ने प्रदेश के पशुधन पर लंपी स्किन डिजीज के कारण आए भयावह संकट में मानवीय संवेदनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, इस बीमारी से संबंधित समस्त गतिविधियों में पूर्ण सहयोग करने का निर्णय किया है।

इस प्राणघातक बीमारी के कारण बहुत बड़ी संख्या में पशु काल का ग्रास बन रहे हैं तथा शासन द्वारा बीमारी के कारण मृत पशुओं के शवों का निस्तारण खड्डे में दबाकर वैज्ञानिक पद्धति से करने के आदेश एवं निर्देश जारी किए गए हैं।

# जालोर प्रकरण में जातीय विद्वेष फैलाने की कोशिश : शर्मा



## भाजपा नेता सुरेश शर्मा ने किया दौरा

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को भाजपा नेता सुरेश शर्मा मेवड़ा ने कस्बे सहित आसपास के गांवों का दौरा किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की। पूर्व मण्डल अध्यक्ष कैलाश तापड़िया की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि जालौर प्रकरण को लेकर समाज में जातीय विद्वेष फैलाने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके पीछे देश एवं समाज को तोड़ने वाली ताकते हैं। ऐसी ताकतों के खुलाफ सर्व समाज को एकजुट खड़ा होना होगा।

भाजपा संगठन में युवाओं को बराबर की भागीदारी दी जा रही है। युवाओं को संगठन में आगे बढ़ाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। उन्होंने पत्रकार जुगल दायमा के आवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस भी बंधाया। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष कैलाश तापड़िया, विकास सोनी, कैलाश सारड़ा, दौलत माली, विनोद टेलर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया नवप्रवेशोत्सव

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड कुचामनसिटी स्थित आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक व मुँह मीठा कराकर स्वागत कर नव प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में संस्था प्रबंध निदेशक डॉ. राजाराम प्रजापति, निदेशक योगेश कुमार जाखड़ व प्राचार्य डॉ. गौरीशंकर निमिवाल ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंध निदेशक डॉ. राजाराम प्रजापति ने संबोधित करते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा में गहन अध्ययन पर जोर देते हुए सामाजिक और व्यवसायिक महत्व को समझाया तथा एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण करने में युवाओं के योगदान के बारे में बताया। निदेशक योगेश कुमार जाखड़ ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया की आदर्श महाविद्यालय वर्षों से परीक्षा परिणाम और अन्य पाठ्यसहगामी क्रियाओं में कुचामन क्षेत्र में अपनी सर्वश्रेष्ठता का प्रदर्शन करते आया है। संस्था के उत्कृष्ट व्याख्याताओं की मेहनत और छात्रों की लगन से यह कीर्तिमान बरकरार रहेगा। विद्यार्थी लक्ष्य का निर्धारण कर नियमित रूप से अनुशासन के साथ अध्ययन करें।

**आदर्श महाविद्यालय एक परिवार के रुप में कार्य करता है :** जाखड़ ने कहा कि आदर्श महाविद्यालय एक परिवार के रुप में कार्य करता है। प्राचार्य डॉ. गौरीशंकर निमिवाल ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी विद्यार्थियों को आह्वान किया कि मनसा, वाचा, कर्मणा व संस्कारवान बनकर उचित उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं कि तैयारी तथा वर्षपर्यन्त होने वाली गतिविधियों, नवीन शैक्षणिक निर्देश और समय सारणी की पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के व्याख्याता निशिकांत छीपा, मुकेश ढाका, अश्विनी कुमार यादव, राजीव शुक्ला, सुमन चौधरी, इंद्रा बुगालिया, अनिल कुमार, मंजू चौधरी, शशांक शर्मा, कंचन कंवर, कृष्णा कुमावत, कुन्नाराम बेड़ा, चंचल कसेरा, कैलाशचंद, विष्णु कुमार, राजू देवी सहित नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# मेड़ता रोड में तेजाजी महाराज का एक शाम तेजाजी के नाम कार्यक्रम आयोजित

## प्रदेश में अमन-चैन की कामना

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी उपखंड क्षेत्र के मेड़ता रोड कस्बे में रविवार को लोक देवता तेजाजी महाराज के विशाल जागरण एक शाम तेजाजी के नाम का आयोजन हुआ। गौशाला सचिव आनंद सिंह चांदावत ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेड़ता रोड में तेजाजी महाराज के विशाल जागरण में हजारों दर्शनार्थियों ने तेजाजी महाराज के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि लगातार दो साल कोरोना के कारण यह कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाया था, लेकिन इस बार कोरोना के बाद पहली बार कार्यक्रम होने से लोगों में खासा उत्साह देखा गया। वहीं भाजपा नेता कैलाश लटियाल ने भी तेजाजी महाराज के दर्शन करते हुए कहा कि तेजाजी महाराज के मंदिर में सभी वर्ग के लोग आते हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के सर्पदंश हो जाए तो तेजाजी महाराज के मंदिर में फेरी लगा ले से यह कष्ट दूर हो जाते हैं।

कार्यक्रम आयोजित करता बाबूलाल नायक ने बताया की तेजाजी महाराज के जागरण में दूर-दूर से लोग आते हैं। ओर तेजाजी महाराज के दर्शन कर अपने दुखों का निवारण करते हैं। तेजाजी महाराज सांप संपोले के काटे का भी दुख दूर करते हैं। समाजसेवी राजू सांगवा ने बताया की कलियुग में लोक देवता तेजाजी महाराज साक्षात है। तेजाजी महाराज के थान पर आया हुआ दुखी आदमी खाली हाथ नहीं लोटता। ज्ञात रहे कि उस कार्यक्रम मेड़ता रोड की जनता के सहयोग से आयोजित किया जाता है। इस दौरान बाबूलाल नायक, गौशाला सचिव आनंद सिंह चांदावत, भाजपा नेता कैलाश लटियाल, समाजसेवी रामनिवास लटियाल, राजू सांगवा,प्रेम कापड़ी व रामनिवास धोलिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# लम्पी रोग से तड़प-तड़प कर काल का ग्रास बन रही है गौमाता



## पांच सौ से अधिक गायों की हो चुकी है मौत, निस्तारण की समस्या

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** लम्बी बीमारी से डेगाना क्षेत्र में हालात भयावह बने हुए हैं। इस बीमारी ने अब तक 500 से अधिक गौवंश की जान ले ली है। इस रोग से डेगाना ओर आस-पास के गांवों मे घूमने वाली लावारिस गाये तथा विभिन्न गोशालाओं मे रोजाना आठ से लेकर दस गायों की मौत हो रही है। दूसरी ओर प्रत्येक गोशाला में 40 से लेकर 50 गाये बीमार हो रही है, जिसमें चार-पांच गायें रोजाना मरती है। अब मृत गायों का निस्तारण करने की गौशाला के संचालकों के सामने सबसे बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को डेगाना की गोपाल गौशाला, कृष्ण गौपाल गौशाला, डेगाना गांव, गौरेडी चाचा, कितलसर, झगड़वास, जालसू खुर्द तामडोली, सांजू सहित अनेकों गौशालाओं मे लंपी रोग से 50 से भी अधिक गायों की मोत होने के समाचार है।

इस प्रकार से भारी मात्रा मे हो रही गायों की मौत को देख गौशालाओं के संचालकों ओर गौसेवा करने वालों की भी आंखे भर आई है। रतनलाल खटोड, जगदीश हैडा, राजाराम दायमा, रतन लाल बुगालिया, गिरीराजसिंह आदि संचालकों ने बताया कि गौशाला ओर अपने-अपने घरों में बच्चों की तरह से पाली पौसी गायों की आज जिस प्रकार से तड़प-तड़प कर आंखों के सामने मौत हो रही है, जिसे देखा भी नहीं जाता।

# लम्पी की रोकथाम को लेकर गौपालन मंत्री संजीव बालियान से की मुलाकात

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को गौ पालन केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान से दिल्ली में उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री लक्ष्मीनारायण मुंडेल ने बताया कि गौ-वंश में तेजी से फैल रही 'लम्पी स्किन डिजीज' बीमारी की रोकथाम को लेकर सोमवार को गौपालन मंत्री संजीव बालियान से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी आर चौधरी, भारतीय जनता पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत शर्मा व लक्ष्मीनारायण मुंडेल ने प्रतिनिधि मंडल के तौर पर उनके निवास स्थान पर मुलाकात की और लम्पी बीमारी की रोकथाम के लिए मंत्री महोदय से आग्रह किया। साथ ही मूण्डेल ने बताया कि गौ-वंश में तेजी से फैल रही 'लम्पी स्किन डिजीज' के चपेट मे आ कर सैकड़ों गौवंश अकाल मौत मर रहे है तथा यह संख्या लगातार तेजी से बढ रही है। यदि समय रहते इसको नियत्रंण मे नहीं लिया गया तो यह बीमारी आने वाले कुछ ही दिनों मे महामारी का विकराल रूप ले सकती है। जिस पर मंत्री महोदय ने विश्वास जताते हुए प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि वैक्सीनेशन का कार्य चल रहा हैं। साथ ही इस लम्पी बीमारी की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर वैक्सीनेशन का कार्य शुरू कर दिया जाएगा और कोरोना की तरह जल्दी ही इस लम्पी बीमारी से भी गौवंश को राहत पहुंचाई जाएगी।

# काली पट्टी बांधकर दर्ज कराया विरोध

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** यहां सोमवार को आल राजस्थान को-आपरेटिव एम्पलाईज यूनियन व ऑफिसर्स एसोसिएशन ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत नागौर के सभी सहकारी बैंक शाखाओं एवं प्रधान कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारियों ने सोमवार को अपनी माँगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज करवाया। यूनियन जिलाध्यक्ष प्रेमसुख पिचकिया ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन मंगलवार ओर बुधवार को भी जारी रहेगा।

# चिकित्सा सुविधाओं में होगी बढ़ोतरी : नारायण बेनीवाल

## मरीजों को मिले एक ही छत के नीचे पूरी सुविधा देने का प्रयास



हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल ने राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर के स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चिकित्सा व्यवस्था में बढ़ोतरी की जाएगी। बेनीवाल ने कहा कि नेशनल हाईवे पर आए दिन हादसे होने के कारण मोर्चरी की असुविधा को देखते हुए मोर्चरी का निर्माण करवाया जाएगा। मोर्चरी में डीप फ्रीज सहित की व्यवस्था करवाई जाएगी। विधायक बेनीवाल ने कहां कि नेशनल हाईवे होने के कारण व खींवसर उपखंड मुख्यालय भी है। ऐसी स्थिति में ट्रांमा सेंटर की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि सीएचसी में महिला डॉक्टर लगाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। बेनीवाल ने कहा कि मेरी मंशा यह है कि दूरदराज के लोगों को एक ही जगह पर पूर्ण रूप से चिकित्सा सुविधा दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। विधायक बेनीवाल ने कहा कि विकास को लेकर के सभी वर्गों को साथ लेकर गांवों का चहुंमुखी विकास करवाने का प्रयास रहेगा। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर लिया जायजा

खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल अपनी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। सोमवार शाम को अचानक राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। विधायक बेनीवाल अस्पताल परिसर में कचरा को देखकर व्यवस्था सुधारने के लिए चिकित्सा प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ सफाई नियमित करने के निर्देश दिए। कहां कि अस्पताल परिसर में गंदगी रहेगी फिर मौसमी बीमारियां में इजाफा मिलेगा। वही विधायक ने अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बेनीवाल ने कहां कि खींवसर सीएचसी में मरीजों को समय पर उपचार मिलें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डॉक्टरों को अस्पताल परिसर में ड्यूटी के दौरान काम करने के निर्देश दिए। चिकित्सा प्रभारी डॉ जुगल किशोर सैनी ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों के व्यवस्था के बारे में विधायक को विस्तार पूर्वक से जानकारी दी। इस दौरान अस्पताल परिसर के स्टाफ सहित मौजूद रहे।

# हज की पैदल यात्रा पर निकले शिहाब का स्वागत



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** केरल से मक्का मदीना तक हजारों किलोमीटर को अपने कदमों से नाप रहे पैदल हज यात्री शिहाब चित्तूर का लाडनूँ में भव्य स्वागत किया गया। सोमवार को डीडवाना बाईपास होते हुए शिहाब का काफिला जब अलसुबह लाडनूँ पहुंचा तो यहां 7 किलोमीटर दूर दुजार गांव से ही उनको देखने के लिए भीड़ उमड़ने लगी। कई किलोमीटर तक सड़क के दोनों तरफ महिला व पुरूषों की लंबी कतार लग गई। यहां लाडनूँ ब्रिज के पास पार्षद अदरीश खान एमडी, समाजसेवी शब्बीर खान लाडवान, मुत्तलिब कुरैशी द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका भव्य इस्तकबाल किया गया। पैदल हज यात्री लाडनूँ के बाईपास स्थित एक होटल पर दिनभर विश्राम करने के लिए रुक गए । इसके बाद लाडनूँ से सुजानगढ़ , छापर रतनगढ़ की और आगे बढ़ गए। मगर उनको देखने के लिए प्रशसंकों की भीड़ दिनभर हाईवे के दोनों तरफ पर डटी रही। इस दौरान पुलिस प्रशासन को व्यवस्था करने में काफी मशक्कत उठानी पड़ी। शहाब के स्वागत के दौरान एएसपी विमल नेहरा, सीओ गोमाराम बिजारणिया, थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह कमांडो व मुस्लिम महासभा लाडनूँ से असलम खान, मजीद लंगा, अमजद खान, सिराज बल्खी आदि कार्यकर्ता जुटे रहे।

# अपहरणकर्ता चढ़ा मूण्डवा पुलिस के हत्थे

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा पुलिस ने अपहरण करने वाले युवक को किया गिरफ्तार। मूंडवा थानाधिकारी रिछपाल सिंह ने बताया कि मूंडवा निवासी परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई की 16 अगस्त को महावीर पुत्र हिम्मताराम बावरी उम्र 28 वर्ष निवासी मूंडवा उसकी बेटी को जबरदस्ती उठाकर ले गया और बलात्कार करने का प्रयास किया। रिपोर्ट दर्ज कर मामले को संज्ञान में लेते हुए रविवार को मूंडवा से महावीर को गिरफ्तार किया। इस कार्यवाही में थानाधिकारी रिछपाल सिंह कांस्टेबल बैनीराम, नीरज एवं सुरेश शामिल रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** पुलिस थाना क्षेत्र के गांव खुडखुडा खुर्द के समीप खेत से घर आ रहे व्यक्ति के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तुलछाराम अपने खेत से घर की ओर जा रहा था इस दौरान चौराहे से निकलते समय रविवार रात करीब आठ बजे अज्ञात वाहन की टक्कर लग गई, जिससे तुलछाराम की मौत हो गई। पुलिस ने शव मूण्डवा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया जहां सोमवार प्रात: डॉ राकेश सिरोही शहर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया मूंडवा थाना अधिकारी रीछपाल सिंह चौधरी ने बताया कि मृतक के परिवार जनों ने इस बारे में पुलिस में रिपोर्ट देकर बताया है कि रात 8 बजे मृतक तुलछाराम पुत्र पाबूराम उम्र 40 वर्ष अपने खेत से घर की ओर आ रहा था इस दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी पुलिस इस बारे में अनुसंधान कर रही है

# पांचवे दिन फिर सात गायों की मौत, आंकड़ा पहुंचा 57 पार

## गौवंश बचाने के लिए 24 घंटे में 38 हजार का सहयोग

### दीपेश्वर गौशाला में पांच दिन में सात और कस्बे में करीबन दस गायों की मौत

पुखराज तानाण



**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के किसान गौशाला में सोमवार को पांच और गायो की मौत हो गयी। लम्पी महामारी के कारण आंकड़ा बढ़ता हुआ 45 गायो की मौत हो गयी पास की दिपेश्वर गौशाला में पांच दिन में सात गायो की मौत हो गयी।

दस के करीबन बड़ी खाटू कस्बे में मौत हो चुकी है।काफी संख्या में गौवंश इस महामारी की चपेट में है। सोमवार को चिकित्सकों की टीम के साथ युवा आयुर्वेदिक काढ़ा पिला रहे थे दूसरे दिन भी लोग दिन भर गायों की सेवा में लगे रहे।

**गायों के लिए चलाई मुहिम के तहत 38000 रूपए एकत्रित :** रविवार को गायों की रक्षा के लिए गायो की एक मुहिम शुरू की मुहिम के तहत सोमवार तक 24 घंटे में 38 हजार रूपए गायो के सहयोग के लिए एकत्रित हो गये। इस मुहिम के तहत युवा लोगो को गायो की रक्षा के लिए सहयोग की अपील कर रहे है क्षेत्र में घायल गायो के इलाज के लिए वाहनों के माध्यम से पहुचकर उनका इलाज करवा रहे है मृत गायो को ट्रेक्टर ट्रोली, जेसीबी के माध्यम से दफनाई जा रही है।

# मूंडवा में ग्राम विकास अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ अपनी मांगों को लेकर 4 अगस्त से आंदोलन की राह पर हैं। आंदोलन के अगले चरण में वादाखिलाफी आक्रोश आंदोलन के अंतर्गत उपशाखा मूंडवा के ग्राम विकास अधिकारियों ने सोमवार को 'नया नहीं न्याय चाहिए' नारे के साथ ज्ञापन विकास अधिकारी मनवीर सिंह बेनीवाल को सौंपा। उपशाखा अध्यक्ष हेमाराम डिडेल ने बताया कि आंदोलन अब और तेज होगा ग्राम पंचायत के समस्त कार्यों का असहयोग करते हुए बहिष्कार जारी रहेगा। जब तक ग्राम विकास अधिकारी संघ को न्याय नहीं मिल जाता ग्रामीणों को आंदोलन के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जन्म मृत्यु पंजीयन, जन आधार योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों की पेंशन इत्यादि समस्त कार्यों हेतु ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। उपशाखा मंत्री देवेंद्र सिंह खिड़िया ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में 25 अगस्त से पंचायत समिति मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान उपशाखा अध्यक्ष हेमाराम डिडेल, रामनिवास मारुका, देवेंद्र सिंह खिड़िया, हकीम तेली, चौलाराम, नरेंद्र कुशवाहा, श्रवणराम लवाईच, सीताराम चोयल, मुकेश, परमेश्वर, महेंद्र सिंह, दुर्गेश, महेंद्र, अनीता, मुख्त्यार सिंह, कैलाश डुकीया आदि ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे ।

# अनदेखी से आहत पार्षदों ने अपने पद से सौंपा त्याग पत्र




अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** नगरपालिका लाडनूँ की लचर कार्यप्रणाली से आहत होकर दो पार्षदों ने अपने पद से इस्तीफा सौंप दिया है। कांग्रेस पार्षद गिरधारी इनानिया व निर्दलीय पार्षद सायरा देवी ने नगरपालिका चैयरमैन के नाम अपने पद से त्याग पत्र सौंपकर यहां भ्रष्टाचार व अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

**अनदेखी से परेशान हुए पार्षद :** वार्ड संख्या 5 के पार्षद गिरधारी इनानिया ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर देश गोविंद लंपी स्किन रोग से पीड़ित है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा मरे हुए गोवंश की कोई सुध नहीं ली जा रही लाडनू के अनेकों वार्ड में गौ माता की मृत्यु के तीन-चार दिनों बाद तक उनका शव नही उठाया जा रहा ना ही उनको डिस्पोज किया जा रहा है। जिसके चलते महामारी अधिक बढ़ने की संभावना है। उसके साथ वार्ड संख्या पांच में पानी निकासी की समस्या, नाली निर्माण की समस्या की बनी हुई है इस बारे में बार-बार कहने के बावजूद उनका कोई काम नहीं किया जा रहा है इसके चलते उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र सौंपा है।

वार्ड नम्बर 7 की पार्षद सायरा देवी ने भी अपना त्याग पत्र देते हुए बताया कि उनके वार्ड को नजरअंदाज किया जा रहा है यहां मृत पशुओं को नहीं उठाया जा रहा नालियों में पानी निकासी अवरुद्ध है। उन्होंने नगरपालिका कर्मचारियों पर भ्र्ष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्यप्रणाली से आहत होना बताया है। इस मौके पर पालिका वाईस चेयरमैंन मुकेश खींची, पार्षद नोशाद अली सिसोदिया, श्याम सुंदर, इस्लाम लंगा, संदीप प्रजापत आदि ने वार्डों में काम नहीं होने पर नाराजगी जताई।

# आठवीं बार दीप ज्योति पैदल संघ पिण्डिया से रामदेवरा रवाना

पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** पिण्डिया गाँव से आठवीं बार दीप ज्योति पैदल संघ रामदेवरा के लिए रवाना हुआ। सोमवार को बाबा रामदेव मंदिर में पूजा अर्चना करके पैदल यात्रियों के संघ को खेमाराम मकवाणा और सुखाराम ने रवाना किया। डी जे की धुन के साथ बाबा के जयकारे लगाते हुए रामदेवरा छ दिन बाद बाबा रामदेव महाराज के दर्शन करेंगे। पिण्डिया से जगदीश राम, मंगलाराम, रामनिवास, दुर्गाराम, मुकेश मेहरा, कैलाश, टीकूराम, राजू सहित कुल 25 आदमी रवाना हुए।

# महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में प्रत्याशियों ने किए नामांकन दाखिल



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय महाविद्यालय डेगाना में छात्रसंघ चुनाव के लिए सोमवार को 4 प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए एबीवीपी में अजू मेघवाल, करण काला निर्दलीय, संजय काला निर्दलीय, एनएसयूआई से वंश शर्मा ने नामांकन भरा। उपाध्यक्ष पद के लिए आरुषि भार्गव, धन्नाराम, मोहम्मद रेहान ने नामांकन भरा। महासचिव पद के लिए मनीषा कंवर, निखिल वर्मा, युवराज सिंह, रेखा देवी ने नामांकन दाखिल किया।

वही सहसचिव पद के लिए दीपेंद्र मेघवाल और कृष्णा खंडेलवाल ने नामांकन दाखिल किया। महाविद्यालय में 26 अगस्त को चुनाव को लेकर छात्र छात्राओं में भारी जोश देखने को मिला।

# वीर तेजा जाट छात्रावास में नवनिर्मित कार्यों का हुआ लोकार्पण

### भामाशाहों का सम्मान समारोह भी हुआ आयोजित

जुगल किशोर शर्मा



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** वीर तेजा जाट छात्रावास में भामाशाहों द्वारा करवाए गए नवनिर्मित कार्यों का रविवार को लोकार्पण किया गया तथा भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भामाशाह लक्ष्मण बडारडा, मांगीलाल चोयल, सुखाराम मुण्डवाडिया, हरजी राम पिलानिया, लाला राम खदावा, कानाराम सियाग, सुरेन्द्र डूकिया, प्रेम कुल्डिया, मेवाराम, ओंकार राम, प्रभू राम भाकर, हेमाराम चंदेलिया, ओमप्रकाश मुण्डवाडिया सहित सभी भामाशाहों द्वारा जाट छात्रावास में करवाए गए मुख्य द्वार, 4 कमरा मय बरामदा,फोरसिग, इनटवेटर, प्रिंटर मशीन सहित छात्रावास में करवाए गए कार्यों का लोकार्पण कर भामाशाहों का जाट छात्रावास कार्यकारिणी द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी भामाशाहों द्वारा करवाए गए कार्यों की सराहना की जाट छात्रावास के अध्यक्ष लिखमाराम किरडोलिया ने बताया की इस छात्रावास में अजमेर, जयपुर, टोंक, नागौर, भीलवाड़ा जिले के छात्र अध्ययनरत हैं । हाल ही में बबीएसएफ सेना भर्ती के फिजिकल तथा मेडिकल भर्ती परीक्षा में 37 छात्रों ने भाग लिया जिसमें 35 छात्रों का चयन हुआ है। यह छात्रावास के लिए गौरव की बात है। कार्यकारिणी के सुझाव पर कार्यकारिणी सदस्य उगमाराम बडारडा को प्रबंधक कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष मदनलाल बेंदा, सचिव राजेश कस्वा, मेगा राम बेनीवाल, सुरेश ढाका, खीयाराम बिजारणियां, मूलाराम, अजय नुवाद, पोकर राम, भागीरथ नुवाद, जेठाराम गोदारा, नेमीचंद डारा , सहित सभी कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

# वैष्णव बने पत्रकार संघ के अध्यक्ष, ढाका बने सचिव

जुगल किशोर शर्मा



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** सोमवार को परबतसर पत्रकार संघ के चुनाव रविवार को सर्वसम्मति से डाक बंगले पर सम्पन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह राठौड़ को संरक्षक तथा रामअवतार वैष्णव को अध्यक्ष चुना गया।

इसी प्रकार धर्म नारायण केरापा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिलीप सिंह को उपाध्यक्ष, सुरेश ढाका को सचिव बनाया गया। सुरेन्द्र पारीक को कोषाध्यक्ष, जुगल किशोर शर्मा को कार्यालय प्रभारी, दामोदर पारीक को सहसचिव तथा देवाराम सैनी को प्रवक्ता बनाया गया। सुनिल को प्रभारी, सुभाष पारीक, बाबूलाल गुर्जर, गिरधर भाटी, अनिल बंजारा, सुनिल कल्ला को कार्यकारिणी में सम्मिलित कर नवनियुक्त कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# लम्पी से बचाव हेतु किया हवन



महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर में लम्पी वायरस का प्रकोप काफी तेजी से फैल रहा है। लंपी वायरस के प्रकोप के बाद अब आर्यसमाज के तत्वावधान में सैंकड़ों गौप्रेमियों ने भगवान से महामारी को खत्म करने कि प्रार्थना की है। सोमवार को आर्यसमाजी रामेश्वर आर्य के द्वारा सर्व समाज के साथ महामारी का रूप ले रही लंपि जैसी बीमारी की मुक्ति के लिए दर्जियों के मोहल्ले में सैंकड़ों की तादात में कार्यकर्ताओं व समाजसेवियों ने हवन किया और विश्व शांति व निरोग की कामना की। इस दौरान फैली हुई बीमारी के लिए सरकार से उचित कदम उठाने की मांग की तथा जल्दी से इस रोग का निदान हो इस हेतु प्रार्थना की गई।

# महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में प्रत्याशियों ने किए नामांकन दाखिल



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय महाविद्यालय डेगाना में छात्रसंघ चुनाव के लिए सोमवार को 4 प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए अजू मेघवाल निर्दलीय,करण काला निर्दलीय, संजय काला निर्दलीय, एनएसयूआई से वंश शर्मा ने नामांकन भरा। उपाध्यक्ष पद के लिए आरुषि भार्गव, धन्नाराम, मोहम्मद रेहान ने नामांकन भरा। महासचिव पद के लिए मनीषा कंवर, निखिल वर्मा, युवराज सिंह, रेखा देवी ने नामांकन दाखिल किया। वही सहसचिव पद के लिए दीपेंद्र मेघवाल और कृष्णा खंडेलवाल ने नामांकन दाखिल किया। महाविद्यालय में 26 अगस्त को चुनाव को लेकर छात्र छात्राओं में भारी जोश देखने को मिला।

# तीस्ता को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत नहीं जमानत याचिका पर अब 25 को सुनवाई

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर सोमवार को गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया। जस्टिस यूयू ललित की बेंच में सुनवाई के दौरान तीस्ता की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि हम अंतरिम राहत चाहते हैं, हाईकोर्ट में 19 सितंबर को सुनवाई रखी गई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि 25 अगस्त तक आप इंतजार कर लीजिए। बस 3 दिन का ही समय ले रहे हैं। तीस्ता को गुजरात दंगों की साजिश के मामले में राज्य के उच्च पदाधिकारियों को फंसाने के लिए रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com